हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
शनिवार
11 अप्रैल 2026, बरेली

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विजेता टीम के खिलाड़ी को दिया गया मैन ऑफ द मैच।

आईके नेक्स्ट जनरेशन की टीम भी सेमीफाइनल में

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह के पहले क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन बरेली पर बजाज टेक्सटाइल अमरोहा की 33 रन से जीत के बाद दूसरे और तीसरे क्वार्टर फाइनल में भी बड़ा उलटफेर दिखा।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने अपने ही शहर की तेजस्वी स्पोर्ट्स को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराया। वहीं तीसरे क्वार्टर फाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन ने भी एसआरएमएस किंग्स को नौ विकेट से हराकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में शानदार खेल के लिए दो खिलाड़ी तेजस्वी के विआन राना व एमडीसीए के ऋतुराज शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। वहीं तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में आईके नेक्स्ट जनरेशन के आर्यन जुआल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और अन्य अतिथियों ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।